RMC SWITCHGEARS LTD.
Safety And Values , Your Way !

+91 141 4400222
www.rmcindia.in
admin@rmcindia.in

Date: 27.08.2026

To	To
Department of Corporate Services BSE Limited Phiroze Jeejeebhoy Towers Dalal Street Mumbai - 400001 Scrip Code: 540358	Listing Department National Stock Exchange of India Limited Exchange Plaza, C-1, Block G Bandra Kurla Complex Bandra (E), Mumbai - 400 051 Symbol: RMC

Subject: Intimation of Newspaper Advertisement regarding Notice of 32nd Annual General Meeting of the Company

Dear Sir/Mam

We hereby inform you that in compliance with the requirements of Regulation 30 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended, from time to time, the newspaper publication, in compliance with the applicable circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) for the attention of the Shareholders, containing information regarding 32nd Annual General Meeting(AGM) of the company to be held on Saturday, September 19, 2026 at 12:00 P.M IST through Video Conferencing (VC)/ Other Audio-Visual Means (OAVM), along with the details relating to e-voting process has been published in the "Financial Express" in English language newspaper and "Business Remedies" in Vernacular language newspaper on Thursday, August 27, 2026.

The copies of the newspaper publication are enclosed herewith for your reference.

This will also be hosted on the website of the company at www.rmcindia.in

You are kindly requested to take the same on record.

Thanking You

For and on behalf of RMC Switchgears Limited

SHIVANI BAIRATHI
Digitally signed by SHIVANI BAIRATHI
Date: 2026.08.27 12:21:52 +05'30'

Shivani Bairathi
Compliance Officer & Company Secretary
ACS-42636

Enclosed: as above

NETWORK SLICING, AI TO DRIVE REVENUE FROM TELECOM NETWORKS

Ericsson expects pick-up in 5G services monetisation

OJASVI GUPTA
New Delhi, August 26

NEW GROWTH PHASE



■ Ericsson believes differentiated connectivity, including through 5G standalone (SA) networks and network slicing, is beginning to move beyond experimentation in India

■ Globally, the number of commercial differentiated-connectivity offerings based on 5G SA network slicing rose from 65 to 84 in six months to June 2026

■ Ericsson is also developing its RAN Compute portfolio to support 4G, 5G and 5G Advanced through software-led upgrades

NITIN BANSAL, MD, ERICSSON INDIA

On monetisation, we are clearly moving beyond experimentation

ERICSSON SEES INDIAN telecom operators entering the next phase of 5G with the focus shifting from building out networks to finding services and use cases that can generate additional revenue from the infrastructure already deployed. The Swedish telecom equipment maker believes differentiated connectivity, including through 5G standalone (SA) networks and network slicing, is beginning to move beyond experimentation in India.

"On monetisation, we are clearly moving beyond experimentation," Nitin Bansal, managing director, Ericsson India, told FE.

Globally, the number of commercial differentiated-connectivity offerings based on 5G SA network slicing rose from 65 to 84 in six months to June 2026, according to Ericsson's latest Mobility Report.

Bansal said India was following a similar trajectory, with differentiated connectivity beginning to be offered commercially to consumers, while 5G SA and network slicing were creating the foundation for enterprise and fixed wireless access (FWA) use cases.

The opportunity, he said, is increasingly about identifying applications where better network performance has enough value for customers to pay for.

This could include connectivity with higher reliability, lower latency or more predictable performance for specific enterprise applications, rather than selling 5G simply as a faster version of existing mobile services.

AI is expected to strengthen that opportunity from both sides of the network. On one side, operators are already using AI to optimise network performance and resources, improve spectrum and energy efficiency, predict traffic patterns and automate operations. This could help carriers extract greater value from existing networks while keeping operating costs under control.

On the other side, the rapid adoption of AI applications is expected to create new demands on networks. As users increasingly interact with AI rather than simply consume content, uplink traffic could rise, while applications such as AI agents embedded in smartphones and augmented- and virtual-reality devices could require lower latency, greater reliability and more predictable network performance.

Bansal described this as a two-sided opportunity of AI for Networks and Networks for AI. The first involves using AI to make networks more efficient and responsive, while the second involves adapting networks to handle the changing traffic patterns and performance requirements created by AI applications.

Alongside the network business, Ericsson is also expanding the strategic role of its India-based chip-design operations. Eighteen months after expanding its ASIC development unit in Bengaluru, Bansal said the centre's mandate had widened from engineering support to a broader R&D and innovation role, covering ASIC development, telecom-grade AI, programmable networks and future 6G systems.

Ericsson is also developing its RAN Compute portfolio to support 4G, 5G and 5G Advanced through software-led upgrades, reducing the need for fundamental network resets as requirements change. India is Ericsson's second-largest market globally and its largest employee base, with more than 20,500 employees.

Legacy players, VCs hop on to lab diamond trend

S SHANTHI
Bengaluru, August 26

IN DEMAND

■ Lab-grown diamonds cost 70-90% less than mined diamonds

■ Titan entered the segment with its lab-grown diamond brand BEYON in December 2025, Bluestone invested ₹25 crore in startup Ethera

■ Amazon India said its lab-grown diamond category has grown nine-fold since the start of the year

WHAT BEGAN AS a niche category led by digital-first jewellery startups is rapidly evolving into one of the fastest-growing jewellery segments, drawing the attention of legacy brands, venture capital investors and large online marketplaces as lab-grown diamonds gain wider consumer acceptance.

The shift is visible across the value chain. Titan Company entered the segment with its lab-grown diamond brand BEYON in December 2025, Bluestone invested ₹25 crore in startup Ethera and demi-fine jewellery brand Palmonas has announced plans to launch its own lab-grown diamond range. E-commerce platforms are also expanding their offerings as consumer demand broadens beyond early adopters.

Amazon India said its lab-grown diamond category has grown nine-fold since the start of the year. "While metros continue to drive strong demand, we are also seeing growing interest from tier-2 and 3 cities. Customers are increasingly choosing lab-grown diamonds not just for gifting, but also for everyday wear," Siddharth Bhagat, director, Amazon Beauty, personal care and fashion accessories, told *FE*. The platform currently sells products from more than 20 brands, including GIVA, Sparkles, Lukson and KEEMTI.

The surge in demand is also drawing investor attention. According to Tracxn, seven lab-grown diamond startups have been launched this year, taking the total founded over the past three years to more than 37. Funding has accelerated sharply, with startups in the segment raising $125 million so far this year, compared with $78 million in 2025 and just $9 million in 2024. Recent deals include Limelight Diamonds raising ₹275 crore in a strategic funding round led by the Bhathwari Group, Aukera securing ₹90 crore in debt funding from Alteria Capital and Onya raising ₹5.5 crore.

Investors believe the category is benefiting from a structural shift in consumer behaviour. "India is a price-sensitive market with a very large population that historically could not afford diamonds. Lab-grown diamonds change that equation by making the category significantly more accessible," Aditya Singh, co-founder and partner at All In Capital, which has invested in Everyday Diamonds, said. "This will become a multi-billion-dollar category."

FSSAI notice to two 5-star Delhi hotels over hygiene

VAISHALI DAR
New Delhi, August 26

THE FOOD SAFETY and Standards Authority of India (FSSAI) on Wednesday issued notices to two prominent five-star hotels in Aerocity in Delhi, Andaz by Hyatt and JW Marriott, for violations of laws related to hygiene. The hotels have been directed to initiate corrective measures and submit a compliance report along with supporting evidence at the earliest.

At Andaz Delhi by Hyatt, the inspection team observed improper segregation of vegetarian and non-vegetarian food, pest activity, poor sanitation, and improper food storage practices. It also found expired food products including 87 kilogramme of expired sweets, cake base and bread packets.

An inspection at JW Marriott New Delhi Aerocity found hygiene, sanitation, licensing, and labelling violations on the premises.

Certain food products including paneer, khoya, chana masala and chilli were found without requisite license or appropriate endorsement.

HOTELS REACT

The hotel is extending its full cooperation to the local authorities as the matter is reviewed

–JW MARRIOTT HOTEL

...the hotel reviewed the observations shared, reinforced its food safety and hygiene practices, and submitted its compliance response

–ANDAZ

NCLT allows 99.97% haircut for Subhash Chandra's ₹22K-cr dues

PRESS TRUST OF INDIA
New Delhi, August 26



THE INSOLVENCY TRIBUNAL NCLT has approved a repayment plan under which Zee group founder Subhash Chandra will pay just ₹6.5 crore to settle admitted creditor claims of about ₹22,006.57 crore in his personal insolvency resolution process, translating into a haircut of nearly 99.97% for lenders.

NCLT Member (Judicial) Nilesh Sharma, ruling as a third member, on Tuesday approved the plan under Section 114 of the Insolvency and Bankruptcy Code (IBC), rejecting objections by lenders that the recovery was too meagre to merit approval.

Earlier, the two members of the National Company Law Tribunal had given a split verdict, after which the president of the forum appointed Sharma as the third member amid the difference of opinion.

Sharma rejected the claims of the dissenting creditors led by LIC Housing Finance, which had argued that the payout was "unviable and unlawful".

Adani arm wins ₹4.7K-cr project in Maha

RAGHAVENDRA KAMATH
Mumbai, August 26

KANDARP PATEL, CEO, ADANI ENERGY

The Satara project will create a vital transmission backbone... strengthening power flows between southern and western India

ADANI ENERGY SOLUTIONS (AESL) on Wednesday said it has won a 4,500-MW transmission project for evacuation of renewable energy generated in Karnataka to major load centres in Maharashtra.

The project, which entails an estimated capital expenditure of ~₹4,700 crore, will also support the growing pumped storage ecosystem in the Satara, Pune and Mumbai Metropolitan Region (MMR).

The project, called 'network expansion scheme in western region to cater to pumped storage potential near Satara - Part A', was won through the tariff based competitive bidding (TBCB) process, where AESL emerged as the lowest bidder. Housed under a special purpose vehicle (SPV), Satara Power Transmission, the project will be delivered within 36 months. It will add 562 circuit kilometres (ckm) of transmission lines and 9,000 MegaVolt-Ampere (MVA) of transformation capacity to AESL's portfolio, taking its cumulative transmission network to 29,739 ckm and 1,43,425 MVA transformation capacity.

"Pumped storage projects are emerging as a critical enabler of India's clean energy transition by providing the flexibility and reliability required to integrate large-scale renewable energy into the grid," said Kandarp Patel, CEO, Adani Energy Solutions.

The Satara transmission project will create a vital transmission backbone to support both renewable energy evacuation and energy storage deployment, strengthening power flows between southern and western India, Patel added.

The project includes establishment of a 765/400 kV substation at Satara, Kolhapur-Satara 765 kV double-circuit transmission line and augmentation of the Kolhapur pooling station along with associated transmission infrastructure.

FROM THE FRONT PAGE

Nestle sees India entering global....

The company currently has nine active manufacturing facilities in the country, with a tenth plant under development in Odisha.

Beyond the domestic market, Nestle is looking to make India a larger manufacturing and export hub for its global operations. Nestle India currently exports products to about 30 countries, but the company sees scope to expand both the number of markets and the scale of exports.

"We should do even more to see India as a production hub to export. We're doing that already," Navratil said, adding that the scale of the Indian market also allows investments in factories to reach capacity quickly.

Nestle's June-quarter global earnings had highlighted high double-digit growth in India, which the company described as "very, very strong", adding that it had led growth in its Asia, Oceania and Africa zone.

Navratil said the company sees opportunities at both the value and premium ends of the market, with its India strategy focused on increasing consumption while expanding the portfolio across price points.

The company's priorities include having the right portfolio, improving efficiencies, building a stronger performance culture and driving real internal growth, or RIG. RIG-led growth, he said, would involve reaching more consumers and households, while also using premiumisation, affordability and value to serve consumers across the income spectrum. However, Nestle does not intend to chase growth at the expense of product quality or consumer acceptance, Navratil said, stressing that the company's approach in India would remain focused on the long term.

Transparency in food labelling

Nestle welcomes greater transparency in food labelling and supports front-of-pack labelling in India, Navratil said, adding that any such system "has to be done the right way" and should be science-based.

"We welcome consumers being curious about what they eat and what they consume. And I think we have always been pro transparency," Navratil told reporters at the media roundtable, adding that the company is willing to contribute to the debate.

Nestle already declares calories on the front of its packs in India and provides recommended dietary allowance information, although it is not mandated, he said.

"If the regulation is to have front-of-pack labelling in different shapes or forms, we welcome that," the CEO said. "It's not something that we think is wrong."

सोने और क्रिटिकल मिनरल्स की खोज के लिए वेदांता ने भारत की पहली पोर्टेबल रिग की कमीशन

वेदांता के पास देश में सबसे अधिक क्रिटिकल मिनरल ब्लॉक्स हैं। वैश्विक मांग 2030 तक तीन गुना होने की उम्मीद के बीच कंपनी भारत की आयात निर्भरता कम करने की दिशा में अहम भूमिका निभाने की तैयारी में है

नई दिल्ली|बिज़नेस रेमेडीज

वेदांता लिमिटेड धातु, क्रिटिकल मिनरल्स और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में दुनिया की प्रमुख कंपनियों में शामिल है। कंपनी ने टेक्नोलॉजी आधारित इनोवेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए भारत की पहली हाई-टेक, हाई-स्पीड हाइड्रोस्टैटिक पोर्टेबल रिग को कमीशन किया है। अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं से लैस इन रिग्स को छत्तीसगढ़ में वेदांता की दो प्रमुख एक्सप्लोरेशन परियोजनाओं में तैनात किया गया है। यहां सोने के साथ-साथ निकेल, क्रोमियम और प्लैटिनम ग्रुप एलिमेंट्स जैसे क्रिटिकल मिनरल्स की खोज की जा रही है। क्रिटिकल मिनरल्स की खोज के लिए विशेष तकनीकी विशेषज्ञता और गहरी ड्रिलिंग क्षमता की जरूरत होती है। यह ऐसा क्षेत्र है, जहां बहुत कम राष्ट्रीय और वैश्विक कंपनियों के पास जरूरी क्षमताएं मौजूद हैं। ऊर्जा संक्रमण की रफ्तार बढ़ने के साथ क्रिटिकल मिनरल्स की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में वेदांता अपने एकीकृत स्मेल्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक भू-वैज्ञानिक तकनीक का इस्तेमाल कर जटिल खनन ब्लॉक्स को विकसित करने और क्रिटिकल मिनरल्स की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की स्थिति में है।

दुर्गम और कठिन इलाकों को ध्यान में रखकर तैयार की गई यह रिग 1,000 मीटर तक हाई-स्पीड ड्रिलिंग करने में सक्षम है, जबकि सामान्य तौर पर इस्तेमाल होने वाली रिग्स की ड्रिलिंग क्षमता करीब 300 से 400 मीटर होती है। साथ ही, एक स्थान से दूसरे स्थान पर उपकरण ले जाने में लगने वाले समय को भी कम किया जा सकता है। देश में एक्सप्लोरेशन क्षमता के लिहाज से इसे एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि माना जा रहा है। इसके इस्तेमाल से भारत के अभी तक बड़े पैमाने पर अप्रयुक्त खनिज भंडार तक तेज, सुरक्षित, कम हस्तक्षेप और अधिक प्रभावी तरीके से पहुंच बनाई जा सकेगी।

क्रिटिकल मिनरल्स की खोज के क्षेत्र में वेदांता ने अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। कंपनी ने 10 क्रिटिकल मिनरल ब्लॉक्स हासिल किए हैं। इनमें सोना, मैंगनीज, कॉपर, निकेल-क्रोमियम-PGE (प्लैटिनम ग्रुप एलिमेंट्स), टंगस्टन, ग्रेफाइट, वैनेडियम, रेयर अर्थ एलिमेंट्स और पोटाश शामिल हैं। इनमें से



पांच ब्लॉक्स में एक्सप्लोरेशन का काम शुरू हो चुका है। हाल ही में वेदांता को आंध्र प्रदेश के पुन्नम मैंगनीज ब्लॉक के लिए सफल बोलीदाता भी घोषित किया गया है।

भारत में खनिज संसाधनों की बड़ी संभावनाएं : सरकार के अनुमान के मुताबिक भारत के करीब 80 प्रतिशत खनिज संसाधनों की अभी तक खोज नहीं हो पाई है। सोना चिकित्सा क्षेत्र, हाई-रिलायबिलिटी इलेक्ट्रॉनिक्स और कई अन्य रणनीतिक उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं, कॉपर और निकेल जैसे क्रिटिकल मिनरल्स AI इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा सेंटर, रिन्यूएबल एनर्जी, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, रक्षा, सेमीकंडक्टर और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों के लिए बेहद अहम हैं।

भारत के सामने अब केवल खनिजों का दोहन करने की चुनौती नहीं है, बल्कि एक्सप्लोरेशन से लेकर माइनिंग, प्रोसेसिंग, रिफाइनिंग, रिसाइक्लिंग और मैन्युफैक्चरिंग तक पूरी वैल्यू चेन विकसित करने की जरूरत है। भारत के लिए असली अवसर इस बात में है कि जमीन के नीचे कितने खनिज मौजूद हैं, यह ही महत्वपूर्ण नहीं है। असली सफलता इस बात से तय होगी कि इन संसाधनों के जरिए देश जमीन के ऊपर कितना आर्थिक मूल्य और औद्योगिक क्षमता तैयार कर पाता है।

इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (IEA) के अनुसार, नेट जीरो एमिशन परिदृश्य के तहत क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी के लिए वैश्विक क्रिटिकल मिनरल्स की मांग 2030 तक लगभग तीन गुना और 2040 तक चार गुना हो सकती है। इसके साथ ही मांग करीब 40 मिलियन टन सालाना तक पहुंचने का अनुमान है। बढ़ती मांग के बीच दुनिया के कई देश अपनी क्रिटिकल मिनरल सप्लाई चेन को किसी एक देश या स्रोत पर निर्भर रहने से बचाने के लिए नए विकल्प तलाश रहे हैं। ऐसे में भारत इस बदलाव में एक अहम भागीदार बन सकता है। भारत के पास रेयर अर्थ एलिमेंट्स और अन्य क्रिटिकल मिनरल्स के पर्याप्त भंडार हैं, जिससे वह वैश्विक सप्लाई चेन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता रखता है। हालांकि, इन संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद भारत अभी भी काफी हद तक आयात पर निर्भर है।

वेदांता 2.0 : टेक्नोलॉजी के जरिए बदलाव : वेदांता 2.0 समूह के उस विजन को दर्शाता है, जिसके तहत टेक्नोलॉजी आधारित और भविष्य के लिए तैयार एक ऐसा समूह विकसित किया जा रहा है, जिसका फोकस सतत विकास पर हो। अपने मौजूदा मुख्य कारोबार को मजबूत करने के साथ-साथ समूह क्लीन एनर्जी वैल्यू चेन के हिस्से के रूप में क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में भी तेजी से विस्तार कर रहा है। कंपनी ने कई नए मिनरल ब्लॉक्स हासिल किए हैं और एक्सप्लोरेशन गतिविधियों को भी बढ़ाया है। वेदांता ग्रुप उन चुनिंदा भारतीय कंपनियों में शामिल है, जिनके पास भारत के साथ दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया, लाइबेरिया और जाम्बिया में भी खनिज संपत्तियां हैं। इससे कंपनी को अलग-अलग क्षेत्रों में मौजूद विविध और उच्च क्षमता वाले खनिज संसाधनों तक पहुंच मिलती है। कंपनी स्थिर नियामकीय व्यवस्था वाले नए भौगोलिक क्षेत्रों में विस्तार, भारत में वैल्यू-एडेड प्रोसेसिंग को बढ़ावा देने और मजबूत पर्यावरणीय, सामाजिक एवं गवर्नेंस मानकों के अनुरूप माइनिंग पार्टनरशिप विकसित करने पर काम कर रही है।

आरएमसी स्विचगियर्स लिमिटेड

CIN: L25111RJ1994PLC008698

रजिस्टर्ड ऑफिसः खसरा नंबर-163, 164, गांव-बडोदिया, तहसील-कोटखावदा, जयपुर, 303908 राजस्थान, भारत

ईमेल ID: cs@rmcindia.in, वेबसाइटः www.rmcindia.in

32वीं सालाना आम बैठक (AGM) की सूचना और रिमोट ई-वोटिंग के बारे में जानकारी

इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि आरएमसी स्विचगियर्स लिमिटेड ('कंपनी') के सदस्यों की (बत्तीसवीं) 32वीं सालाना आम बैठक ('AGM') शनिवार, 19 सितंबर, 2026 को दोपहर 12:00 बजे (IST) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('VC') या अन्य ऑडियो-विज़ुअल माध्यमों ('OAVM') की सुविधा के ज़रिए आयोजित की जाएगी। इसमें 32वीं AGM की सूचना में बताए गए सामान्य और विशेष कामकाज पूरे किए जाएंगे। यह आयोजन कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') और उसके तहत बने नियमों, साथ ही कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के 22 सितंबर, 2025 के जनरल सर्कुलर नंबर 03/2025 और इस संबंध में जारी पहले के सर्कुलर ('MCA सर्कुलर') और सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशंस, 2015 ('लिस्टिंग रेगुलेशंस') के लागू प्रावधानों के अनुपालन में किया जाएगा, जिसमें सदस्यों की किसी एक जगह पर शारीरिक उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होगी।

ऊपर बताए गए MCA सर्कुलर के अनुपालन में, 32वीं AGM की सूचना की इलेक्ट्रॉनिक कॉपी, साथ ही स्पष्टीकरण बयान, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इंटीग्रेटेड सालाना रिपोर्ट (जिसमें 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए ऑडिटेड फाइनेंशियल स्टेटमेंट शामिल हैं) उन सभी सदस्यों को बुधवार, 26 अगस्त, 2026 को ईमेल द्वारा भेजी गई हैं, जिनकी ईमेल ID कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट ('RTA') के पास रजिस्टर्ड हैं। MCA सर्कुलर और लिस्टिंग रेगुलेशन के तहत, सदस्यों को 32वीं AGM का नोटिस और सालाना रिपोर्ट की फिजिकल कॉपी भेजने की ज़रूरत को खत्म कर दिया गया है। इसके अलावा, लिस्टिंग रेगुलेशन के रेगुलेशन 36(1)(b) के अनुसार, जिन शेयरहोल्डर्स ने अपना ईमेल एड्रेस रजिस्टर नहीं कराया है, उन्हें फाइनेंशियल ईयर 2025-26 की इंटीग्रेटेड सालाना रिपोर्ट देखने के लिए वेब-लिंक वाला एक लेटर भी भेजा जा रहा है।

32वीं AGM का नोटिस और सालाना रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.rmcindia.in पर और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों - यानी BSE लिमिटेड (www.bseindia.com) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com)-और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ('CDSL') की वेबसाइट www.evoting.cdslindia.com पर भी उपलब्ध हैं।

कट-ऑफ तारीख यानी शनिवार, 12 सितंबर, 2026 को शेयर रखने वाले सदस्य, 32वीं AGM के नोटिस में बताए गए सामान्य और विशेष कामकाज पर CDSL के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के ज़रिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं और VC/OAVM के ज़रिए AGM में शामिल हो सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:

i) VC/OAVM के ज़रिए 32वीं AGM में शामिल होने के निर्देश और रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग में भाग लेने और AGM के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के ज़रिए वोट डालने का तरीका 32वीं AGM के नोटिस में दिया गया है।

ii) रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल मंगलवार, 15 सितंबर, 2026 को सुबह 09:00 बजे (IST) शुरू होगा और शुक्रवार, 18 सितंबर, 2026 को शाम 05:00 बजे (IST) खत्म होगा।

iii) वोटिंग के लिए बताई गई तारीख और समय के बाद CDSL द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को बंद कर दिया जाएगा। एक बार सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर वोट डालने के बाद, सदस्य को बाद में उसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

iv) कोई भी व्यक्ति जो 32वीं AGM का नोटिस ईमेल से भेजे जाने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तारीख पर शेयर रखता है, वह evoting@cdsl.co.in पर अनुरोध भेजकर लॉगिन ID और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि पहले से ही रिमोट ई-वोटिंग के लिए CDSL के साथ पंजीकृत हैं, तो वोट डालने के लिए मौजूदा यूज़र ID और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।

v) जो सदस्य 32वीं AGM से पहले रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डालते हैं, वे VC/OAVM सुविधा के माध्यम से AGM में भाग ले सकते हैं, लेकिन AGM के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

vi) 32वीं AGM में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला था, वे AGM के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से अपना वोट डालने के हकदार होंगे।

vii) चूंकि AGM VC के माध्यम से आयोजित की जाएगी, इसलिए MCA सर्कुलर के अनुसार प्रॉक्सी नियुक्त करने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। तदनुसार, सदस्य द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति लागू नहीं होगी।

viii) इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न/शिकायत के लिए, सदस्य www.evotingindia.com पर हेल्प सेक्शन के तहत उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) और सदस्यों के लिए रिमोट ई-वोटिंग यूज़र मैनुअल देख सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 1800 21 09911 पर कॉल कर सकते हैं। CDSL, A विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग लोअर परेल (E) मुंबई-400013 ईमेल: helpdesk.evoting@cdslindia.com

इस संबंध में सभी संचार/प्रश्न हमारे RTA, MUFG Intime India Private Limited (जिसे पहले Link Intime India Private Limited के नाम से जाना जाता था) को उनके ईमेल पते rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com पर भेजे जाने चाहिए।

आरएमसी स्विचगियर्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/-
शिवानी बैराठी
कंपनी सचिव

तारीखः 26 अगस्त, 2026
स्थानः जयपुर

रामेश्वरम स्कूल के तीन होनहार विद्यार्थियों ने रचा सफलता का इतिहास

लालचंदपुरा।बिज़नेस रेमेडीज

रामेश्वरम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लालचंदपुरा के लिए यह गौरव का क्षण है कि विद्यालय के तीन होनहार विद्यार्थियों ने कठिन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। विद्यालय के पूर्व छात्र आयुष शर्मा पुत्र लाल चंद शर्मा निवासी मंनसारामपुरा ने नीट में 636 अंक प्राप्त कर एम्स पटना (AIIMS Patna) में चयन हुआ। वहीं उनकी बहन पायल शर्मा पुत्री लाल चंद शर्मा ने जेट परीक्षा में राजस्थान में उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। इसी क्रम में हरि शर्मा, सरना डूंगर बावड़ी की सुपौत्री प्रीति शर्मा सुपुत्री सुरेश शर्मा ने भी जेट परीक्षा राजस्थान में शानदार स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

तीनों विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर रामेश्वरम पब्लिक स्कूल परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं परिवारजनों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में हरि शर्मा, लालचंद शर्मा एवं कल्याण शर्मा का भी विद्यालय परिसर में सम्मान किया गया।

अभिभावकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके बच्चों ने कक्षा 1 से 12वीं तक रामेश्वरम स्कूल में ही शिक्षा प्राप्त की और पहली ही कोशिश में कठिन प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि बच्चों की मजबूत शैक्षणिक नींव विद्यालय के शिक्षकों ने प्रारंभिक कक्षाओं से ही तैयार की, जिसके कारण आगे की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उन्हें काफी सहायता मिली।

अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था एवं शिक्षकों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि रामेश्वरम स्कूल केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है। विद्यालय में मजबूत आधार, अनुशासन, संस्कार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के कारण विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जाता है। विद्यालय निदेशक जितेंद्र शर्मा एवं विजय शर्मा ने तीनों विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी की प्रतिभा को पहचानकर उसे उचित दिशा देना और भविष्य के लिए मजबूत आधार तैयार करना है। तीनों विद्यार्थियों की सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री पंकज जी मीणा एवं शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सोने व चांदी की कीमतों में गिरावट



नई दिल्ली | एजेंसी

सोने की कीमतों में 26 अगस्त को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 704 रुपए घटकर 1.61 लाख रुपए हो गया। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 1111 रुपए ब?कर 2.43 लाख रुपए पहुंच गई।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 29 हजार रुपए महंगा हो चुका है। 31 दिसंबर 2025 को 10द्द सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.61 लाख रुपए पर पहुंच गया है।वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.43 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

ग्लोबल सर्फेसेस लिमिटेड

GLOBAL SURFACES — SURFACES THAT DEFINE LUXURY — UAE - USA - INDIA

CIN: L14100RJ1991PLC073860

पंजीकृत कार्यालय: पी-10-006 इंजीनियरिंग और रिलेटेड इंडस सेज, महिंद्रा वर्ल्ड सिटी तह.–सांगानेर, जयपुर राजस्थान – 302037, **दूरभाष:** 0141-7191000
वेबसाइट: www.globalsurfaces.com; **ईमेल:** cs@globalsurfaces.com

35वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और ई-वोटिंग जानकारी

इसके माध्यम से सूचित किया जाता है कि ग्लोबल सर्फेसेज लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की 35वीं वार्षिक आम बैठक ('AGM'), शनिवार, 19 सितम्बर, 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे (भारतीय मानक समयानुसार) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("VC") / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम ("OAVM") सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जो कि कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ("सेबी सूचीबद्धता विनियम")के प्रावधानों के अनुपालन में होगी, जिसे कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020 एवं समय-समय पर जारी इस क्रम के सभी परिपत्रों, जिनमें सबसे नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितम्बर, 2025 है (सामूहिक रूप से "MCA परिपत्र"), तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 एवं समय-समय पर जारी इस क्रम के सभी परिपत्रों, जिनमें सबसे नवीनतम परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांक 3 अक्तूबर, 2024 है (सामूहिक रूप से "SEBI परिपत्र") के संदर्भ में पढ़ा जाए, जिसके अंतर्गत AGM के नोटिस में निर्धारित व्यापारों का निपटान सदस्यों की भौथिक उपस्थिति के बिना किया जाएगा।

सदस्यों को 35वीं AGM में VC/OAVM के माध्यम से भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाएगी, जो कि नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('NSDL') के ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से उपलब्ध होगी। सदस्य www.evoting.nsdl.com पर सदस्य लॉगिन के अंतर्गत ई-वोटिंग क्रेडेंशियल्स का उपयोग करते हुए उक्त सुविधा का उपयोग कर सकते हैं।

कंपनी की 35वीं AGM का नोटिस और वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां दिनांक 26 अगस्त, 2026 को उन सभी सदस्यों को प्रेषित की गई हैं, जिनके ईमेल आईडी कंपनी / रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (RTA) / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास दिनांक 21 अगस्त, 2026 तक पंजीकृत थीं। इसके अतिरिक्त सेबी सूचीबद्धता विनियम के विनियम 36(1)(b) के अनुसार, एक पत्र जिसमें 35वीं AGM का नोटिस और वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट को एक्सेस करने हेतु वेब-लिंक (सटीक पथ सहित) सम्मिलित है, उन सभी सदस्यों को भेजा गया है, जिन्होंने अपना ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं कराया है। 35वीं AGM का नोटिस एवं वार्षिक रिपोर्ट की प्रति कंपनी की वेबसाइट www.globalsurfaces.com, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट्स – BSE लिमिटेड: www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया: www.nseindia.com तथा NSDL की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

ई-वोटिंग की जानकारी

ई-वोटिंग की शुरुआत	बुधवार, 16 सितंबर, 2026 को सुबह 9:00 बजे (IST) से
ई-वोटिंग की समाप्ति	शुक्रवार, 18 सितंबर, 2026 को शाम 5:00 बजे (IST) तक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, यथासंशोधित, तथा सेबी सूचीबद्धता विनियम के विनियम 44 एवं भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानक – SS-2 (यथासंशोधित) के प्रावधानों के अनुपालन में, कंपनी अपने सदस्यों को NSDL के माध्यम से कंपनी की 35वीं AGM में विचारार्थ प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने हेतु ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है।

इस संबंध में सदस्यों को आगे सूचित किया जाता है कि:

(a) केवल वह व्यक्ति, जिसका नाम डिपॉजिटरीज द्वारा रखे गए लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि, अर्थात सोमवार, 14 सितम्बर, 2026 को दर्ज है, रिमोट ई-वोटिंग अथवा AGM में ई-वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने का पात्र होगा।

(b) कोई भी व्यक्ति जो कंपनी का शेयरधारक बनने के पश्चात, 35वीं AGM का नोटिस भेजे जाने के बाद, और कट-ऑफ तिथि अर्थात सोमवार, 14 सितम्बर, 2026 तक शेयरधारक के रूप में पंजीकृत हो चुका है, evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि वह व्यक्ति पहले से ही NSDL पर रिमोट ई-वोटिंग हेतु पंजीकृत है, तो वह मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके मतदान कर सकता है।

(c) रिमोट ई-वोटिंग की अवधि बुधवार, 16 सितम्बर, 2026 को प्रातः 09:00 बजे (भारतीय मानक समयानुसार) से प्रारंभ होकर शुक्रवार, 18 सितम्बर, 2026 को सायं 05:00 बजे (भारतीय मानक समयानुसार) तक रहेगी। इसके पश्चात रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी और NSDL द्वारा उसे निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

(d) वे सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान नहीं किया है और जो AGM में VC/OAVM के माध्यम से उपस्थित हैं, वे AGM के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के पात्र होंगे।

(e) वे सदस्य जिन्होंने AGM से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान कर दिया है, वे AGM में VC/OAVM के माध्यम से भाग तो ले सकते हैं, परंतु वे पुनः मतदान करने के पात्र नहीं होंगे।

(f) AGM में VC/OAVM के माध्यम से शामिल होने तथा रिमोट ई-वोटिंग और AGM के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने की विस्तृत प्रक्रिया/निर्देश AGM के नोटिस में प्रदान किए गए हैं।

(g) कंपनी के निदेशक मंडल ने श्री अक्षित कुमार जांगिड (सदस्य संख्या: FCS 11285, सी.पी. नंबर: 16300), जो कि पिंचा एंड कंपनी, कंपनी सचिव फर्म के भागीदार हैं, को ई-वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच हेतु स्क्रूटनाइजर नियुक्त किया है।

यदि ई-वोटिंग अथवा AGM में VC/OAVM के माध्यम से शामिल होने से संबंधित किसी भी प्रश्न/शिकायत के लिए सहायता चाहिए, तो सदस्य www.evoting.nsdl.com की हेल्प सेक्शन में दिए गए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) और रिमोट ई-वोटिंग यूजर मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं या नीचे दिए गए माध्यमों से संपर्क कर सकते हैं: फोन: 022 - 4886 7000; ईमेल: सुश्री पल्लवी म्हात्रे, डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट (NSDL) को pallavid@nsdl.com पर; डाक द्वारा: 3rd फ्लोर, नमन चेंबर, G ब्लॉक, प्लॉट नंबर C-32, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र – 400051

वास्ते ग्लोबल सर्फेसेस लिमिटेड

धरमसिंह राठौड़
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
एम. नं. ACS 57411

स्थान: जयपुर
दिनांक: 26 अगस्त, 2026

वेलस्पन वन का डब्ल्यूटीसी ठाणे निर्माण कार्य अंतिम चरण में, यह ठाणे में 1,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा के निवेश वाला एक अहम प्रोजेक्ट है, 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज

भारत के प्रमुख रियल एसेट प्लेटफॉर्म वेलस्पन वन का वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (डब्ल्यूटीसी) ठाणे प्रोजेक्ट अब निर्माण के अंतिम चरण में पहुंच गया है। इस परियोजना में कुल निवेश 1,000 करोड़ रुपये से अधिक रहने की उम्मीद है। इसमें किरायेदारों द्वारा अपने-अपने स्थानों और आंतरिक साज-सज्जा पर किया जाने वाला निवेश भी शामिल है। परियोजना के तहत किरायेदारों के पूरे नेटवर्क में करीब 5,000 कर्मचारियों के लिए रोजगार-संबंधी सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है। वर्तमान में परियोजना का 30 प्रतिशत हिस्सा लीज पर दिया जा चुका है और यहां इस साल के अंत तक परिचालन शुरू होने की उम्मीद है।

वागले एस्टेट में स्थित डब्ल्यूटीसी ठाणे को अपनी तरह के पहले इंटीग्रेटेड अर्बन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें एक ही परिसर में ग्रेड ए कार्यालय, एक्सपीरियंस सेंटर, खान-पान (एफएंडबी) और शहरी वितरण केंद्र (यूडीसी) शामिल

होंगे। यह परियोजना बड़े संगठनों के कार्यालयों के साथ-साथ खुदरा एक्सपीरियंस सेंटर और खान-पान से जुड़े 50 से अधिक ब्रांडों को जगह देने के लिए तैयार की गई है।

वर्ल्ड ट्रेड सेंटर ब्रांड के लाइसेंसी के रूप में डब्ल्यूटीसी ठाणे अपने ग्राहकों को डब्ल्यूटीसी की सदस्यता से जुड़े लाभ भी उपलब्ध कराएगा। इनमें वैश्विक डब्ल्यूटीसीए कारोबारी नेटवर्क से जुड़ने के अवसर शामिल हैं। इस नेटवर्क में करीब 100 देशों में 300 से अधिक वर्ल्ड ट्रेड सेंटर संपत्तियां शामिल हैं।

आर्किटेक्ट हफीज कॉन्ट्रैक्टर द्वारा डिजाइन की गई इस परियोजना में बड़े आकार के स्थान और लोगों तथा सामान की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचा विकसित किया गया है। परियोजना में स्वचालन और हरित भवन निर्माण पर भी विशेष जोर दिया गया है। इसकी प्रमुख विशेषताओं में गंतव्य-आधारित खुदरा अवधारणा शामिल है, जिसके तहत ब्रांडों को बड़े आकार के और निर्धारित मानकों के अनुरूप स्थान उपलब्ध कराए जाएंगे, जहां वे अपने अनुभव केंद्र स्थापित कर सकेंगे।

वेलस्पन वन के मुख्य ग्राहक अधिकारी नीरज बलानी ने कहा, डब्ल्यूटीसी ठाणे की परिकल्पना भारत में अपनी तरह के पहले शहरी वाणिज्यिक गंतव्य के रूप में की गई है, जहां एक ही एकीकृत परियोजना में कार्यस्थल, अनुभव आधारित खुदरा और शहरी लॉजिस्टिक्स को एक साथ लाया गया है। परियोजना के पूरा होने की दिशा में आगे बढ़ते हुए डब्ल्यूटीसी ठाणे यह नया मानक स्थापित करने के लिए तैयार है कि ठाणे जैसे तेजी से बढ़ते शहरी बाजार में वाणिज्यिक परिसरों को कारोबारों, ब्रांडों और उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए किस तरह डिजाइन किया जा सकता है।

आदित्य बिड़ला समूह ने हाल ही में डब्ल्यूटीसी ठाणे में अपने वॉल्ट परिचालन के लिए जगह लीज पर ली है। वहीं, वेलस्पन समूह भी इस परियोजना से जुड़ने वाले ब्रांडों में शामिल है। लीज संबंधी प्रक्रियाएं आगे बढ़ने के साथ अन्य किरायेदारों की भी घोषणा किए जाने की उम्मीद है। इस परियोजना का अनावरण डब्ल्यूटीसी ठाणे एक्स वेलस्पन लिविंग मीडिया ईवनिंग कार्यक्रम में किया गया। इस अवसर पर वेलस्पन लिविंग की ओर से एक विशेष प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें डिजाइन, जीवनशैली और वाणिज्यिक रियल एस्टेट की दुनिया को एक साथ पेश किया गया।

एडवांस एग्रोलाइफ लिमिटेड

ADVANCE AGROLIFE LIMITED
(FORMERLY KNOWN AS ADVANCE AGROLIFE PRIVATE LIMITED)

CIN: L24121RJ2002PLC017467

रजिस्टर्ड ऑफिस: E-39, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, बगरू (एक्सटेंशन), जयपुर (राज)- 303007
कॉर्पोरेट ऑफिस: 301, तीसरी मंज़िल और 140-B, पंडित टीएन मिश्रा मार्ग, निर्माण नगर, जयपुर (राज)- 302019
फ़ोन: 0141-4810126 • वेबसाइट: www.advanceagrolife.com • ईमेल: cs@advanceagrolife.com

24वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और ई-वोटिंग की जानकारी

यह सूचित किया जाता है कि एडवांस एग्रोलाइफ लिमिटेड के सदस्यों की 24वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 18 सितंबर, 2026 को अपराह्न 03:00 बजे (भारतीय मानक समय) पर वीडियो कॉन्फ्रेंस ("वीसी")/ अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी। यह बैठक कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के लागू प्रावधानों और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ("लिस्टिंग विनियम") के प्रावधानों के अनुपालन में आयोजित की जाएगी।यह बैठक मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अन्य सामान्य परिपत्रों के साथ नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 (सामूहिक रूप से "एमसीए परिपत्र") तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अन्य परिपत्रों के साथ नवीनतम परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांक 3 अक्टूबर, 2024 (सामूहिक रूप से "सेबी परिपत्र") के अनुसार आयोजित की जाएगी। एजीएम में सदस्यों की किसी सामान्य स्थान पर भौतिक उपस्थिति के बिना, एजीएम की सूचना में निर्धारित कार्यों को संपन्न किया जाएगा।

उपर्युक्त परिपत्रों के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एजीएम की सूचना सहित वार्षिक रिपोर्ट 26 अगस्त, 2026 को उन सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेज दी गई है, जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(यों)/ कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट, केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (आरटीए) के पास पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ("लिस्टिंग विनियम") के विनियम 36(1)(b) की आवश्यकताओं के अनुसार, कंपनी ने उन शेयरधारकों को भी एक पत्र भेजा है, जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(यों)/ आरटीए के पास पंजीकृत नहीं हैं। उक्त पत्र में वेब-लिंक, जिसमें सटीक पथ भी शामिल है, उपलब्ध कराया गया है, जहाँ वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की सूचना उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की एजीएम की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.advanceagrolife.com पर, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com पर तथा कंपनी के आरटीए एवं वोटिंग एजेंसी अर्थात केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (केफिनटेक) की वेबसाइट https://www.evoting.kfintech.com पर उपलब्ध हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 (यथासंशोधित), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 44 तथा भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों के लिए सचिवीय मानक (SS-2) के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी अपने शेयरधारकों को एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी शेयरधारकों के प्रस्तावों के संबंध में एजीएम के आयोजन स्थल के अलावा किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करते हुए रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है।कंपनी उन सदस्यों को एजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा भी प्रदान करेगी, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत नहीं दिया है। कंपनी ने रिमोट ई-वोटिंग तथा एजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए केफिनटेक के साथ आवश्यक व्यवस्था की है।

सदस्यों को एजीएम की सूचना में निर्धारित कार्यों के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से रिमोट ई-वोटिंग अथवा एजीएम के दौरान ई-वोटिंग द्वारा अपना मत देने का अवसर प्राप्त होगा। डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों तथा उन सदस्यों, जिन्होंने अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं कराए हैं, के लिए रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग से संबंधित विस्तृत निर्देश एजीएम की सूचना का भाग बनने वाले नोट्स में दिए गए हैं।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें:

1. शुक्रवार, 11 सितंबर, 2026 को "कट-ऑफ" तिथि के रूप में डिपॉजिटरी/ आरटीए द्वारा रखे गए सदस्यों के रजिस्टर/लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में जिसका नाम दर्ज है, केवल वही व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग तथा एजीएम के दौरान मतदान की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।
2. रिमोट ई-वोटिंग की अवधि सोमवार, 14 सितंबर, 2026 को प्रातः 09:00 बजे शुरू होगी और गुरुवार, 17 सितंबर, 2026 को सायं 05:00 बजे समाप्त होगी। उपर्युक्त निर्धारित तिथि और समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक बार किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर अपना मत डाल दिए जाने के बाद उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी।
3. जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत डाल दिया है, वे वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें बैठक में पुनः अपना मत डालने का अधिकार नहीं होगा। वे सदस्य जो मतदान करने के हकदार हैं, लेकिन जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया है, वे एजीएम के दौरान अपना मत डाल सकते हैं।
4. सदस्यों के मतदान अधिकार कट-ऑफ तिथि के अनुसार कंपनी की चुकता शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।
5. कोई भी व्यक्ति जिसने एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद कंपनी के शेयर अर्जित किए हैं और शुक्रवार, 11 सितंबर, 2026 अर्थात कट-ऑफ तिथि को कंपनी का सदस्य है, वह evoting@kfintech.com पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में भी दी गई है।
6. रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम के दौरान मतदान से संबंधित किसी भी प्रश्न/शिकायत के लिए निम्नलिखित से संपर्क किया जा सकता है: श्री अनंदन, सहायक उपाध्यक्ष, केफिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड, सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गाचीबोवली, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद- 500 032, टोल फ्री नंबर: 1800-349-4001, ई-मेल: evoting@kfintech.com

बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स के आदेश से
एडवांस एग्रोलाइफ लिमिटेड
हस्ताक्षर/-
निशा गुप्ता
(कंपनी सेक्रेटरी और कंप्लायंस ऑफ़िसर)

स्थान : जयपुर
दिनांक : अगस्त 26, 2026